रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 853] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 11, 2007/आषाढ़ 20, 1929
No. 853] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 11, 2007/ASADHA 20, 1929

## विधि एवं न्याय मंत्रालय

## ( विधायी विभाग )

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2007

**का.आ. 1125 ( अ ).**– राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :

**"आदेश**

श्रीमती जमुना देवी, विरोधी दल की नेता, मध्य प्रदेश विधान सभा द्वारा राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (1) के अधीन श्री कृष्ण मुरारी मोघे और श्री शिवराज सिंह चौहान, संसद सदस्यों (लोकसभा) की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न को उठाते हुए तारीख 26 मार्च, 2006 की याचिका प्रस्तुत की गई है ;

और राष्ट्रपति ने, संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (2) के अधीन, तारीख 29 मार्च, 2006 के एक निर्देश द्वारा इस बारे में निर्वाचन आयोग की राय मांगी है कि क्या श्री कृष्ण मुरारी मोघे और श्री शिवराज सिंह चौहान, संसद सदस्य (लोकसभा) संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अधीन लोकसभा के सदस्य बने रहने के लिए निरर्हित हो गए हैं ;

और निर्वाचन आयोग ने पहले ही 6 जून, 2006 को श्री शिवराज सिंह चौहान की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न पर अपनी राय दे दी है ;

और अब, निर्वाचन आयोग ने श्री कृष्ण मुरारी मोघे, जो अप्रैल-मई, 2004 में हुए लोक सभा के साधारण निर्वाचन में लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे, की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न पर अपनी राय दे दी है ;

और श्री कृष्ण मुरारी मोघे (प्रत्यर्थी) के संबंध में यह आरोप है कि उन्हें मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है और वे, मध्य प्रदेश राज्य द्वारा उन्हें दी गई मंत्रिमंडल सदस्य की सम हैसियत के कारण, राज्य में मंत्रिमंडल सदस्य को उपलब्ध हैसियत, स्थिति, परिलब्धियों का लाभ ले रहे हैं ;

और याची ने यह और कथन किया है कि प्रत्यर्थी की नियुक्ति, राज्य सरकार के आदेश द्वारा और उसके अधीन की गई थी और प्रत्यर्थी ऐसे भत्तों, कार, कर्मचारिवृंद और अन्य ऐसी कार्यपालक तथा वित्तीय शक्तियों का फायदा ले रहा है, जो पद से सहबद्ध हैं और उससे जुड़ी हैं और साथ ही, उनके द्वारा धारित पद को संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1)के उपखंड (क) के अधीन निरर्हता के निवारण के प्रयोजन के लिए संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा छूट नहीं दी गई है;

और निर्वाचन आयोग ने यह उल्लेख किया है कि प्रत्यर्थी को 16 जून, 2004 को, अर्थात् अप्रैल-मई, 2004 में हुए लोक सभा के साधारण निर्वाचन में संसद सदस्य के रूप में निर्वाचन के पश्चात्, मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, और यह कि उन्हें 6 जुलाई, 2004 को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की गई थी और वे मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत में उक्त पद को निरंतर धारण कर रहें हैं ;

और निर्वाचन आयोग ने निरर्हता के इस मामले का अवधारण करते समय, माननीय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का संज्ञान किया है ;

और निर्वाचन आयोग ने यह उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश

संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद एक सदैव चलने वाला पद है, जिसका सृजन मध्य प्रदेश राज्य द्वारा प्रत्यर्थी की उस पर नियुक्ति से पूर्व किया गया था और उसे उत्तरवर्ती धारकों द्वारा उत्तरोत्तर धारण किया गया है, जैसा कि राज्य सरकार के 16 जून, 2004 के आदेश से स्पष्ट है, जिसके द्वारा प्रत्यर्थी को पूर्ववर्ती पदधारी के स्थान पर नियुक्त किया गया था और इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) की प्रथम अपेक्षा इस बात से पूरी हो जाती है कि प्रत्यर्थी को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे 'पद' के लिए नामनिर्देशित किया गया है, जो संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अर्थान्तर्गत आता है ;

और निर्वाचन आयोग ने इस तथ्य का और उल्लेख किया है कि प्रत्यर्थी को मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से और उनके आदेश की तारीख 6-7-2004 के कार्यपालक आदेश सं. 3-39/2004/वन/1 द्वारा मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की गई है, जो निर्णायक रूप से यह भी दर्शित करता है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद राज्य सरकार के अधीन एक पद है ;

और निर्वाचन आयोग ने यह और उल्लेख किया है कि प्रत्यर्थी उन परिलब्धियों और प्रसुविधाओं का हकदार था, जो राज्य सरकार द्वारा अपने तारीख 4 फरवरी, 2006 के परिपत्र में उल्लिखित की गई हैं और उससे मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत के साथ उसके द्वारा धारित पद 4 फरवरी, 2006 से सरकार के अधीन लाभ का पद बन गया था जो उनके स्वयं के कथन से पुष्ट हो गया है जिसमें यह कहा गया है कि "इस प्रकार यह दलील दी गई है कि तारीख 4-2-2006 के परिपत्र के अधीन प्रदान किया गया फायदा, यदि कोई है, प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत दिए जाने के कारण है, न कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद धारण करने के कारण" ।

और निर्वाचन आयोग ने यह अभिनिर्धारित किया है कि प्रत्यर्थी केवल कतिपय प्रतिकरात्मक भत्तों का ही हकदार नहीं है, बल्कि तारीख 6 जुलाई, 2004 के राज्य सरकार के आदेश द्वारा मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान करने वाले राज्य सरकार के तारीख 4 फरवरी, 2006 के आदेश के कारण 4000 रुपए प्रति मास के पारिश्रमिक और अन्य भत्तों का भी हकदार है और इस प्रकार संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 के खंड (झ) में कतिपय पदों के धारक को संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क)के अधीन निरर्हता की परिधि से छूट देने के लिए वर्णित शर्त पूरी करता है ;

और पूर्वगामी तथ्य को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग का पूर्ण रूप से यह समाधान हो गया है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद, जिस पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तारीख 16 जून, 2004 के अपने आदेश द्वारा श्री कृष्ण मुरारी मोघे को नामनिर्दिष्ट किया गया है और मंत्री की हैसियत प्रदान की गई है, संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अर्थान्तर्गत मध्य प्रदेश सरकार के अधीन 'लाभ का पद' है और उक्त पद संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अधीन निरर्हता से, संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 के उपबंध के अधीन, छूट प्राप्त नहीं है ;

और निर्वाचन आयोग ने अपनी यह राय (उपाबंध द्वारा) दी है कि श्री कृष्ण मुरारी मोघे, संसद सदस्य (लोक सभा), मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 16 जून, 2004 को उनके नामनिर्देशन पर और 6 जुलाई, 2004 को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान किए जाने पर, संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अधीन लोक सभा का सदस्य होने के लिए निरर्हित हो गए हैं ;

अतः, अब, मैं, आ. प. जै. अब्दुल कलाम, भारत का राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 103 के खंड (1) के अधीन मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, यह विनिश्चिय करता हूं कि श्री कृष्ण मुरारी मोघे, संसद सदस्य (लोक सभा), मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 16 जून, 2004 को उनके नामनिर्देशन पर और 6 जुलाई, 2004 को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान किए जाने पर, संविधान के अनुच्छेद 102 के खंड (1) के उपखंड (क) के अधीन लोक सभा का सदस्य होने के लिए निरर्हित हो गए हैं ।

10 जुलाई, 2007 .

भारत का राष्ट्रपति''

[फा. सं. एच. 11026(10)/2007-विधायी-II]

डॉ. संजय सिंह, संयुक्त सचिव एवं विधायी परामर्शी

**उपाबंध**

**भारत निर्वाचन आयोग**

**2006 का निर्देश मामला सं. 14**

[संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन राष्ट्रपति से निर्देश]

**निर्देश :**

संविधान के अनुच्छेद 102(1) (क) के अधीन श्री कृष्ण मुरारी मोघे, संसद सदस्य (लोक सभा) की अभिकथित निरर्हता ।

**राय**

भारत के राष्ट्रपति से, संविधान के अनुच्छेद 103(2) के अधीन, तारीख 29 मार्च, 2006 को एक निर्देश प्राप्त हुआ था, जिसमें इस प्रश्न पर निर्वाचन आयोग की राय मांगी गई है कि क्या लोक सभा के तत्कालीन आसीन सदस्य श्री शिवराज सिंह चौहान और लोक सभा के आसीन सदस्य श्री कृष्ण मुरारी मोघे संविधान के अनुच्छेद 102(1) (क) के अधीन लोक सभा के सदस्य होने के लिए निरर्हित हो गए हैं ।

2. श्री चौहान और श्री मोघे की अभिकथित निरर्हता का प्रश्न मध्य प्रदेश विधान सभा में विरोधी दल की नेता श्रीमति जमुना देवी द्वारा तारीख 26 मार्च, 2006 को राष्ट्रपति को प्रस्तुत एक याचिका में उठाया गया था। श्री शिवराज सिंह चौहान के संबंध में तारीख 6-6-2006 को पहले ही राय दी जा चुकी है। वर्तमान राय श्री कृष्ण मुरारी मोघे की अभिकथित निरर्हता से संबंधित है ।

3. श्री कृष्ण मुरारी मोघे (प्रत्यर्थी) की बाबत अभिकथन यह है कि उन्हें मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और वह उस प्रास्थिति, पद, परिलब्धियों का उपयोग कर रहें है, जो मध्य प्रदेश राज्य द्वारा किसी मंत्रिमंडल सदस्य को दी गई, समझी गई प्रास्थिति के कारण राज्य में किसी मंत्रिमंडल सदस्य को उपलब्ध हैं। याची ने आगे कथन किया है कि प्रत्यर्थी की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा और उसके आदेश के अधीन की गई थी। प्रत्यर्थी उन भत्तों, कार, कर्मचारिवृन्द और अन्य कार्यपालक और वित्तीय शक्तियों के फायदे प्राप्त कर रहा है, जो पद से सहयोजित और संबंधित हैं। उन्होंने आगे कथन किया है कि प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद को, संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन निरर्हता के निवारण के प्रयोजन के लिए संसद् द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा छूट नहीं दी गई है।

4. याचिका के साथ इस प्रतिरोध के समर्थन में कोई दस्तावेज संलग्न नहीं है कि वह पद, जिस पर प्रत्यर्थी को नियुक्त किया गया है, सरकार के अधीन कोई लाभ का पद है। याचिका में निर्दिष्ट पद पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति की तारीख के बारे में कोई आधारिक सूचना भी नहीं है। किसी पद पर किसी सदस्य की नियुक्ति की तारीख यह अवधारित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या यह मामला अनुच्छेद 103(1) के अर्थान्तर्गत विनिश्चय करने के लिए राष्ट्रपति की अधिकारिता के भीतर आता है। उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों के क्रम में [देखिए निर्वाचन आयोग **बनाम** साका वेंकट राव (एआईआर 1953 एससी 201); वृन्दावन नायक **बनाम निर्वाचन आयोग** (एआईआर 1965 एससी 1892); निर्वाचन आयोग **बनाम** एन.जी. रंगा (एआईआर 1978 एससी 1609)] यह सुनिश्चित हो गया है कि संविधान के अनुच्छेद 103 के अधीन राष्ट्रपति और निर्वाचन आयोग केवल उन प्रश्नों पर विचार कर सकता है, जो उन पदों से संबंधित हैं, जिन पर संसद् सदस्यों को उनके निर्वाचन के पश्चात् ऐसे सदस्यों के रूप में नियुक्त किया जाता है। अत: याची को, तारीख 5 अप्रैल, 2006 की आयोग की सूचना द्वारा तारीख 28 अप्रैल, 2006 तक इस बाबत विनिर्दिष्ट जानकारी देने के लिए कहा गया था।

5. तारीख 5-4-2006 की सूचना के उत्तर में, याची ने तारीख 25-4-2006 का एक पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया है कि प्रत्यर्थी राज्य सरकार द्वारा उसे दी गई मंत्रिमंडल सदस्य की समझी गई प्रास्थिति के कारण, मध्य प्रदेश राज्य में मंत्रिमंडल सदस्य को उपलब्ध प्रास्थिति, पद और परिलब्धियां प्राप्त करता है और वह निरर्हता निवारण करने के लिए अनुच्छेद 102(1) (क) के अधीन या संसदीय अधिनियम के अधीन संरक्षित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि तारीख 23-2-2006 को राज्य विधान सभा में दिए गए मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री के उत्तर में इस तथ्य की ओर संकेत है कि श्री के.एम. मोघे को एक मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति दी गई है उन्होंने मुख्य मंत्री के उपरोक्त कथित उत्तर और राज्य सरकार के तारीख 4 फरवरी, 2006 के पत्र की, जिसमें विभिन्न पब्लिक सेक्टर उपक्रमों/निगमों/मंडलों/स्वशासी निकायों और अन्य समितियों, आदि के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को संदेय परिलब्धियों के ब्यौरे हैं, एक-एक प्रति प्रस्तुत की है।

6. चूंकि याची द्वारा तारीख 25-4-2006 के पत्र में दी गई सूचना अभिकथित पद पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति की तारीख की बाबत कोई स्पष्ट तथ्य प्रकट नहीं करती है इसलिए आयोग ने याची को प्रत्यर्थी की नियुक्ति की तारीख की बाबत विनिर्दिष्ट सूचना और उसके समर्थन में दस्तावेजों को तारीख 31-5-2006 तक पेश करने के लिए पुन: कहा है।

7. इसके उत्तर में, याची ने अपने तारीख 30-5-2006 के पत्र द्वारा राज्य सरकार के तारीख 6-7-2004 के आदेश की एक प्रति प्रस्तुत की है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि संसदीय दल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी मोघे को सरकार के उसी तारीख अर्थात् 6-7-2004 के पूर्ववर्ती समसंख्यक आदेश को अधिक्रान्त करते हुए मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति प्रदत्त की है। तारीख 6-7-2006 का पुनरीक्षित आदेश इसके जारी करने की तारीख से प्रभावी था।

8. चूंकि याची केवल उस तारीख को ही प्रस्तुत कर सकी थी, जिसको प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति दी गई थी, इसलिए, आयोग ने मध्य प्रदेश सरकार से, अनुच्छेद 103(2) के अधीन आयोग को निर्दिष्ट अभिकथित निरर्हता संबंधी प्रश्न पर राष्ट्रपति को अपनी राय देने में समर्थ बनाने के लिए, संसदीय दल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष के पद पर, प्रत्यर्थी की नियुक्ति की तारीख और प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद के संबंधित प्राधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को अभिप्राप्त करने का विनिश्चय किया। तदनुसार तारीख 6-7-2006 के पत्र के द्वारा आयोग ने मध्य प्रदेश सरकार से तारीख 14-6-2006 तक सुसंगत जानकारी देने का अनुरोध किया है।

9. मध्य प्रदेश सरकार ने अपने तारीख 14-7-2006 के पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि श्री के.एम. मोघे को, तारीख 16-6-2004 को, मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नामनिर्दिष्ट किया गया था। राज्य सरकार ने अपने तारीख 6-7-2006 के आदेश की एक प्रति भी भेजी है, जिसमें यह कथन किया गया है कि "श्री कृष्ण मुरारी मोघे, अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल" को मंत्री की प्रास्थिति प्रदत्त की गई है। यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि राज्य सरकार ने अपने उसी तारीख अर्थात् 6-7-2004 के पुनरीक्षित आदेश की प्रति नहीं भेजी, जिसके द्वारा तारीख 6-7-2004 के उपरोक्त पूर्ववर्ती आदेश को अधिक्रांत किया गया था और "श्री कृष्ण मुरारी मोघे, अध्यक्ष, संसदीय दल मध्य प्रदेश" को मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति प्रदत्त की गई थी याची द्वारा तारीख 6-7-2004 के पुनरीक्षित आदेश की प्रति प्रस्तुत की गई थी, परंतु राज्य सरकार ने केवल उनको ज्ञात कारणों से उसे रोक लिया था। यह भी सूचित किया गया था कि मध्यप्रदेश सरकार ने संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में श्री मोघे के निबंधनों और शर्तों को विनिर्दिष्ट करने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया था।

10. श्री के. एम. मोघे अप्रैल-मई, 2004 को लोक सभा के लिए हुए साधारण निर्वाचनों में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे और उन्हें तारीख 16-6-2004 को, मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था तारीख 6-7-2004 को मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति प्रदान की गई थी। अत: यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्यर्थी को उस पद पर, उनके संसद् सदस्य के रूप में निर्वाचन के पश्चात् निर्देश के अधीन नियुक्त किया गया था।

11. आयोग का यह समाधान हो गया था कि पूर्वोक्त पद पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति निर्वाचन-पश्चात् नियुक्ति थी। इसलिए प्रत्यर्थी

से तारीख 11 सितम्बर, 2006 की सूचना द्वारा याचिका में अंतर्विष्ट अभिकथनों का जवाब 29 सितम्बर, 2006 तक फाइल करने के लिए कहा गया था । 22-9-2006 को, प्रत्यर्थी ने एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें इस आधार पर समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया था कि उसे उचित उत्तर तैयार कराने के लिए मामले में काउंसेल को नियुक्त करना है और मध्य प्रदेश में उप चुनाव अक्तूबर, 2006 में होने की भी संभावना है । आयोग ने अनुरोध पर विचार किया और उन्हें उत्तर फाइल करने के लिए 27-10-2007 तक का समय अनुदत्त कर दिया । प्रत्यर्थी के काउंसेल ने 23-10-2006 को एक पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें यह अनुरोध किया गया था कि उसे याची द्वारा प्रस्तुत किए गए कुछ दस्तावेजों और मध्य प्रदेश सरकार से आयोग को प्राप्त जानकारी दी जाए। विद्वान काउंसेल ने अपना पक्ष कथन प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के लिए कुछ और समय के लिए अनुरोध भी किया। आयोग ने प्रत्यर्थी के काउंसेल को राज्य सरकार के पत्र तारीख 14-7-2006 (इसके उपाबंधों सहित) की प्रति उपलब्ध करा दी और अपना उत्तर फाइल करने के लिए उसे 20-11-2006 तक का समय भी दे दिया । 20-11-2006 को, प्रत्यर्थी ने अपना उत्तर प्रस्तुत किया । अपने उत्तर में, प्रत्यर्थी ने यह स्वीकार किया कि वह मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के पद 16-6-2006 से धारण किए हुए है। उसने आगे यह कथन किया कि उक्त प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश के विवाद्यकों के संबंध में केन्द्रीय सरकार के साथ सम्पर्क, समन्वय और उन पर कार्यवाई करने को सुकर बनाने तथा मध्य प्रदेश के संसद् सदस्यों के बीच समन्वय बनाने के लिए एक औपचारिक व्यवस्था है । प्रकोष्ठ न तो न्यायिक अस्तित्व है और न कानूनी निकाय तथा इस प्रकार, उक्त प्रकोष्ठ में पद धारण करना कोई पद धारण करने की कोटि में नहीं आता । उसने आगे यह कथन किया कि उक्त प्रकोष्ठ का अध्यक्ष होने से किसी प्रतिकारात्मक/अप्रतिकरात्मक भत्तों के लिए कोई हकदारी नहीं है । प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को मिलने वाली सुविधाएं केवल ये हैं-(i) एक चालक और एक कार्यालय चपरासी, (ii) कार्यालय में एक टेलीफोन, और (iii) केवल दिल्ली में अध्यक्ष के रूप में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए पूल से एक कार । प्रत्यर्थी ने आगे यह कथन किया है कि राज्य सरकार के तारीख 4-2-2004 के परिपत्र के अधीन अनुदत्त फायदा, यदि कोई हो, प्रत्यर्थी को प्रदान की गई मंत्रिमंडल पंक्ति की हैसियत के कारण है, न कि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद धारण करने के कारण ।

12. तत्पश्चात्, आयोग ने 12-1-2007 को मामले में सुनवाई के लिए नियत करने का विनिश्चय किया । एक या अन्य पक्षकार के अनुरोध पर कुछ स्थगनों के पश्चात्, अंत में सुनवाई 15-2-2007 को की गई थी । सुनवाई में, न तो याची और न उसकी ओर से कोई काउंसेल हाजिर हुआ । तथापि, उस दिन आयोग को याची का तारीख 14-2-2007 का एक पत्र प्राप्त हुआ था । उसमें याची ने यह कथन किया कि प्रत्यर्थी ने अपने उत्तर में यह स्वीकार किया था कि वह 6-7-2004 से मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्राप्त कर रहा है और नई दिल्ली में अपने शासकीय कृत्यों के निर्वहन के लिए एक चालक/यान, कार्यालय सहायक, टेलीफोन, आदि की सुविधाएं प्राप्त कर रहा है। उसने आगे यह कथन किया कि संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद निरर्हता से छूट प्राप्त नहीं था । यद्यपि वह कोई नया निकाय नहीं था और पूर्व में भी प्रकोष्ठ का कोई भी अध्यक्ष मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत का लाभ नहीं उठा रहा था । उसने आगे यह कथन किया कि मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत के बिना भी प्रत्यर्थी उक्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर सकता था । प्रत्यर्थी का प्रतिनिधित्व श्री यशोबंत दास, ज्येष्ठ अधिवक्ता द्वारा, सुश्री अनुराधा मुखर्जी, अधिवक्ता और श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, अधिवक्ता के साथ किया गया था। प्रत्यर्थी व्यक्तिगत रूप से भी हाजिर हुआ था।

13. विद्वान ज्येष्ठ काउंसेल श्री दास ने यह दलील दी कि प्रत्यर्थी को मध्य प्रदेश संसदीय दल के अध्यक्ष के पद पर राज्य सरकार द्वारा 16-6-2004 को नामनिर्दिष्ट किया गया था और 6-7-2004 को प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की गई थी। प्रत्यर्थी का कार्य मध्य प्रदेश राज्य से संसद् सदस्यों के बीच समन्वय करने का था और यह राज्य सरकार के अधीन कोई पद धारण करने की कोटि में नहीं आता है। उन्होंने आगे राज्य सरकार का तारीख 4-2-2006 को परिपत्र प्रस्तुत किया, जो श्री मोघे के मामले में लागू नहीं होता था। क्योंकि वह ऐसा कोई पद धारण नहीं कर रहा था, जिसका कोई विधिक अस्तित्व हो या वह किसी कानूनी/गैरकानूनी निकाय का पद धारण नहीं कर रहा था। विद्वान काउंसेल ने आगे यह दलील दी कि प्रत्यर्थी उक्त पद धारण करने के कारण न तो कोई धनीय फायदे प्राप्त करने का हकदार था और न ही वह प्राप्त कर रहा था।

14. अनुकल्प में, विद्वान काउंसेल ने संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 (i) का अवलंब लेते हुए यह कथन किया कि प्रत्यर्थी प्रतिकरात्मक भत्ते के अतिरिक्त किसी भत्ते का न तो हकदार है और न वह ऐसा कोई फायदा प्राप्त कर रहा है। इसलिए, प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद, अर्थात् मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद, निरर्हता से छूट प्राप्त है।

15. सुनवाई पूरा होने के पश्चात्, आयोग ने प्रत्यर्थी से अपनी लिखित दलीलों का सार एक सप्ताह के भीतर फाइल करने और उसकी एक प्रति याची को तामील करने को कहा।

16. प्रत्यर्थी ने 30-3-2007 को अपनी लिखित दलीलों का सार फाइल किया और उसके साथ तामील के सबूत के रूप में डाक रसीद की एक प्रति संलग्न की, जिसमें यह दर्शित किया गया था कि उसकी लिखित दलीलों की तामील याची को कर दी गई है। अपनी लिखित दलीलों में प्रत्यर्थी ने इस बात को दोहराया है कि संसदीय प्रकोष्ठ केवल समर्थ करने, समन्वय करने और जानकारी को प्रसारित करने वाला एक निकाय है, जिसके कृत्यों को, किन्हीं भी परिस्थितियों में, महत्वपूर्ण सरकारी कृत्य के रूप में नहीं माना जा सकता, बल्कि दूसरी ओर वे ऐसे कृत्य हैं, जो सरकार के दृष्टिकोण में मात्र वैकल्पिक हैं और इस प्रकार उक्त पद अनुच्छेद 102 (1) (क) के अधीन यथावर्णित सरकार के अधीन पद नहीं है। प्रत्यर्थी ने आगे यह कथन किया कि तारीख 24-3-2005 के राज्य सरकार के आदेश सं. एफ-16-6-2005/1/4 के द्वारा वह केवल एक चालक और कार्यालय चपरासी का हकदार है और उस आदेश में प्रत्यर्थी को ऐसा चालक/कार्यालय चपरासी न दिए जाने की दशा में कोई प्रतिकर दिए जाने का कोई उपबंध नहीं है और न ही वह प्रत्यर्थी को किसी ऐसे व्यक्ति को अपनी ओर से रखने के लिए अनुज्ञात करता है या उसके

बदले प्रतिकर का दावा करने के लिए भी अनुज्ञात नहीं करता। प्रत्यर्थी ने आगे यह कथन किया है कि पूर्वोक्त आदेश के अधीन किसी भी प्रकार का, कोई भी भत्ता, संदेह नहीं है; इसके अतिरिक्त, उसमें प्रत्यर्थी को अध्यक्ष के रूप में अपने कृत्यों का अनुपालन करने लिए समर्थ बनाने हेतु सुविधाएं प्रदान करने के प्रयोजन के लिए ही स्पष्ट रूप से उपबंध किया है। यहां यह उल्लेख करना सुसंगत होगा कि प्रत्यर्थी ने किसी भी प्रक्रम पर 14-3-2005 के उक्त आदेश को अभिलेख पर लाना नहीं चाहा। इसके विपरीत, राज्य सरकार ने तारीख 14-7-2006 के अपने पत्र में आयोग को यह सूचना दी कि सरकार द्वारा प्रत्यर्थी के निबंधनों और शर्तों को नियत करने वाला कोई आदेश जारी नहीं किया गया था। प्रत्यर्थी ने आगे यह दलील दी कि आदेश सं. एफ 11-36/2003/आदेश/3, तारीख 4-2-2006 प्रत्यर्थी को लागू नहीं होता, क्योंकि पत्र के शब्दों से यह बिल्कुल स्पष्ट होता है कि यह उसमें वर्णित निकायों को लागू होता है और चूंकि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ एक औपचारिक समन्वयकारी निकाय है और उसका कोई विधिक अस्तित्व नहीं है तथा वह उक्त प्रवर्गों के अंतर्गत नहीं आता। प्रत्यर्थी ने आगे यह दलील दी कि उसे पूर्वोक्त आदेश में वर्णित कोई फायदे न तो दिए गए हैं और न उसके अधीन उनकी हकदारी के बारे में कोई इत्तला दी गई है। प्रत्यर्थी ने आगे यह दलील दी कि पूर्वोक्त आदेश 4-2-2006 को, अर्थात् प्रत्यर्थी की उक्त प्रकोष्ठ में नियुक्ति के पश्चात् और उसे मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान करने के पश्चात्, प्रवर्तन में आया था और इसलिए उक्त आदेश को न तो प्रकाशित किया जाना था और न प्रत्यर्थी को उसकी इत्तला दी जानी थी, यदि उसे उसके अधीन किसी प्रतिकर का हकदार बनाया गया था और चूंकि प्रत्यर्थी को कोई इत्तला नहीं दी गई थी, तब यह नहीं कहा जा सकता कि प्रत्यर्थी पूर्वोक्त आदेश के अधीन प्रतिकर का हकदार है।

17. चूंकि न तो याची और न ही उसकी ओर से कोई काउंसेल सुनवाई के दौरान हाजिर हुआ, इसलिए आयोग ने प्रत्यर्थी की लिखित दलीलों के सार पर याची की टिप्पणी, यदि कोई हो, अभिप्राप्त करने का विनिश्चय किया। अत:, याची से 15-4-2007 तक अपनी टिप्पणियां, यदि कोई हो, करने के लिए कहा गया था। याची ने तारीख 13-4-2007 के अपने आवेदन द्वारा एक मास के समय के लिए इस आधार पर अनुरोध किया कि उसे आंख का ऑपरेशन कराना है और उसे आराम करने की सलाह दी गई है। आयोग ने उसके अनुरोध पर विचार किया और 10-5-2007 तक का समय प्रदान किया। याची ने 9-5-2007 को अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कीं। अपने उत्तर में याची ने इस बात को दोहराया कि मध्य प्रदेश सरकार ने, मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की और उस कारण प्रत्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा मंत्री स्तर की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, अर्थात् दिल्ली में स्थित मध्य प्रदेश के आवास आयुक्त द्वारा एक सरकारी यान (टाटा इंडिका डीएलक्यू/1419) और एक कार चालक, अनुभाग अधिकारी स्तर का एक अधिकारी, दो कंप्यूटर ऑपरेटर और एक निजी सहायक उपलब्ध कराए गए हैं। उसने आगे यह कथन किया है कि कार्यालय का व्यय मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उसने आगे यह कथन किया कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में श्री मोघे के नाम में आबंटित सरकारी आवास में लगे दो टेलीफोनों का व्यय भी राज्य सरकार की निधियों से चुकाया जाता है। उसने आगे यह कथन किया कि प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत उसके नाम में और मध्य प्रदेश के राज्यपाल के आदेश द्वारा दी गई है, जो राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। अत: सरकार प्रकोष्ठ पर पूरा नियंत्रण रखती है।

18. आयोग ने मामले के सुसंगत तथ्यों, याचिका में दोनों पक्षकारों के प्रतिविरोधों, सुनवाई के समय प्रत्यर्थी के विद्वान वरिष्ठ काउंसेल के लिखित कथन, प्रत्युत्तर और लिखित तथा मौखिक निवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है। निर्विवादित तथ्य यह हैं कि प्रत्यर्थी को 16-6-2004 को अर्थात्, अप्रैल-मई, 2004 में हुए लोक सभा के साधारण निर्वाचन में संसद् सदस्य के रूप में उसके निर्वाचन के पश्चात् मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है और उसे उक्त पद के धारक के रूप में 6-7-2004 को मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति प्रदान की गई थी और वह मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति में उक्त पद धारित करता रहा है।

19. अवधारण के लिए आने वाला प्रश्न यह है कि क्या मध्य प्रदेश संसदीय दल के अध्यक्ष का पद, जिसे प्रत्यर्थी मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति में धारित करता रहा है, संविधान के अनुच्छेद 102 (1)(क) के अर्थांतर्गत मध्य प्रदेश सरकार के अधीन "लाभ का पद" है या नहीं। संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन निरर्हता से संबंधित उपबंधों को समाविष्ट करने में संविधान निर्माताओं का आधारभूत सिद्धांत और वास्तविक आशय विधान-मंडल को कार्यपालिका से स्वतंत्र रखना है। यह वांछनीय समझा गया था कि विधान-मंडल के सदस्यों को पश्चात्वर्ती से प्रलोभन प्राप्त करके और उसके द्वारा जनता के प्रतिनिधियों के रूप में अपने लोक कर्तव्यों के निर्वहन में विचार और कार्य करने की अपनी स्वतंत्रता को खोकर कार्यकारी सरकार के प्रति स्वयं को आभारी महसूस नहीं करना चाहिए। यह उपबंध विधान-मंडल के सदस्यों को प्रलोभन देने के संबंध में कार्यकारी सरकारों पर रोक के रूप में भी कार्य करता है, जिससे कि पश्चात्वर्ती व्यक्तिगत हानि या अभिलाभ के किन्हीं प्रतिफलों से प्रभावमुक्त रूप में अपने निर्वाचक-मंडल के प्रति अपने कर्तव्यों को करने के लिए स्वतंत्र होगा। उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 102(1)(क) के उपबंधों के पीछे उपरोक्त तर्क को स्पष्ट करते हुए, अशोक कुमार भट्टाचार्य बनाम अजय विश्वास (ए.आई.आर. 1985 एस. सी. 211) में निम्नलिखित संप्रेक्षण किया है:

> "वह विचारधारा, जो 'लाभ का पद' अभिव्यक्ति का निर्वचन करने के लिए हमारा ध्यान आकर्षित करती है यह है कि इसका निर्वचन मस्तिष्क में अनुच्छेद 102(1)(क) के अधिनियमन के उद्देश्य, अर्थात् विधान-मंडल के सदस्यों के बीच यह सुनिश्चित करते हुए कि विधान-मंडल में ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जो कार्यपालिका से फायदे प्राप्त करते हैं और इस प्रकार उसके प्रभाव के अधीन होते हैं, कर्तव्य और हित के बीच विवाद को समाप्त करने या किसी भी दशा में उसके जोखिम को कम करने वाली वास्तविकता के रूप में किया जाना चाहिए।"

20. पुनः, अनुच्छेद 191(1)(क) [जो अनुच्छेद 102(1)(क) का सदृश है] के उद्देश्य पर जोर देते हुए, उच्चतम न्यायालय ने एम0 वी. राजशेखरन बनाम वटल नागराज (ए.आई. आर. 2002 एस. सी. 742) में निम्नलिखित संप्रेक्षण किया:

> "संविधान के अनुच्छेद 191 के अधीन निरर्हता का उपबंध करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि विधान सभा या विधान परिषद् के लिए निर्वाचित व्यक्ति को किसी प्रकार के सरकारी दबाव के अधीन हुए बिना निडर रूप से अपने कर्तव्य को करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। अतः, न्यायालय से यह पता लगाना अपेक्षित है कि क्या अभ्यर्थी द्वारा निर्वहन किए गए कर्तव्यों और सरकार के बीच कोई संबंध विद्यमान है या नहीं और यह कि क्या निर्वाचित होने पर, उन कर्तव्यों के साथ, जिनका वह विधान-मंडल के सदस्य के रूप में निर्वहन करने के लिए अपेक्षित है, अपने नियोजन के दौरान ऐसे कर्तव्यों के आंशिक निर्वहन के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने के लिए बाध्य है। उपरोक्त प्रश्न की परीक्षा करते समय न्यायालय को सार पर विचार करना होगा न कि प्ररूप पर और, इसके अतिरिक्त यह आवश्यक नहीं है कि विभिन्न मामलों में अधिकथित सभी तथ्यों और परीक्षणों को एक साथ मिलाकर प्रस्तुत किया जाए, जिससे कि सरकार के अधीन लाभ के किसी पद को धारण करने का गठन हो सके।"

21. 'लाभ का पद' अभिव्यक्ति को संविधान में या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में परिभाषित नहीं किया गया है तथापि, आयोग को मामलों की ऐसे श्रृंखला में, जिनमें शीर्ष न्यायालय ने विभिन्न अवसरों पर इस प्रश्न पर विचार किया है, उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों को स्पष्ट करने का फायदा प्राप्त है। उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि प्रश्न का विनिश्चय प्रत्येक मामले के तथ्यों के आधार पर किया जाना होता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिकथित परीक्षण मूल रूप से इन प्रश्नों तक ही सीमित हो जाते हैं कि क्या व्यक्ति को सरकार के अधीन किसी पद पर नियुक्त किया गया है या नहीं और क्या ऐसा पद, धारक के लिए लाभ प्रदान करने वाला पद है या नहीं। मौलाना अब्दुल शकूर बनाम रिखाब चंद (ए. आई.आर. 1958 एस.सी. 52) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित अभिनिर्धारित किया :

> "किसी व्यक्ति को किसी पद पर नियुक्त करने या उस पद पर उसे बनाए रखने या अपने विवेकानुसार उसकी नियुक्ति को प्रतिसंहृत करने की सरकार की शक्ति और सरकारी राजस्वों में से संदाय, यह अवधारित करने में महत्वपूर्ण बातें हैं कि क्या कोई व्यक्ति सरकार के अधीन किसी लाभ के पद को धारण कर रहा है या नहीं, यद्यपि, सरकार से भिन्न किसी स्रोत से संदाय सदैव निर्णायक तथ्य नहीं होता है।"

22. शिवमूर्ति स्वामी इनामदार बनाम अगाडी संगन्ना अंडनप्पा (ए.आई.आर. 1971 एस.सी.सी. 870) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अवधारणा करने के लिए क्या कोई पद सरकार के अधीन लाभ का पद है या नहीं, निम्नलिखित परीक्षणों को संक्षेपित किया है:

(i) क्या नियुक्ति सरकार करती है;

(ii) क्या सरकार को पदधारक को हटाने या पदच्युत करने का अधिकार है;

(iii) क्या सरकार पारिश्रमिक का संदाय करती है;

(iv) धारक के क्या कृत्य हैं और क्या वह उनका पालन सरकार के लिए करता है; और

(v) क्या सरकार इन कृत्यों के अनुपालन पर किसी नियंत्रण का प्रयोग करती है।

23. उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न पश्चात्वर्ती मामलों में यह अभिनिर्धारित किया है कि उपरोक्त सभी परीक्षणों की यह अवधारण करने के लिए कि क्या कोई पद सरकार के अधीन लाभ का पद है या नहीं एक साथ विद्यमान होने की आवश्यकता नहीं है। मधुकर जी. ई. पनकाकर बनाम जसवंत छबीलदास रजनी [(1977) एस. सी. सी. 70] के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह संप्रेक्षण किया कि इस प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए कि क्या कोई पद, सरकार के अधीन 'लाभ का पद' है या नहीं, परिस्थितियों पर ही ध्यान दिया जाना चाहिए न कि प्ररूप पर और इसके अतिरिक्त, न्यायालय द्वारा कथित किए गए अनेक तथ्यों के, जो सरकार के अधीन किसी पद के धारण के लिए अवधारणीय हैं, एक साथ विद्यमान होने की आवश्यकता नहीं है।

24. राष्ट्रपति द्वारा आयोग को निर्दिष्ट किए गए इसमें प्रत्यर्थी, श्री के. एम. मोघे की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए आयोग को मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के पद पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति के मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिकथित उपरोक्त परीक्षणों द्वारा मार्गदर्शित होना है, और उन्हें लागू करना है । उच्चतम न्यायालय द्वारा 'पद' शब्द को ऐसी हैसियत या स्थान के अर्थ में निर्वचित किया गया है, जिससे कतिपय, विशेष रूप से अधिक या कम सार्वजनिक प्रकृति के, कर्तव्य जुड़े हुए हैं। कांता कथूरिया बनाम मानक चंद सुराना (ए. आई. आर. 1970 एस. सी. 694) के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिकथित परीक्षण यह था कि पद बना रहने वाला, स्थायी, सारवान हैसियत का होना चाहिए, जिसका अस्तित्व उस व्यक्ति से स्वतंत्र हो, जिसने इसे भरा हो, जो चलता रहा हो और उत्तरवर्ती धारकों द्वारा उत्तराधिकार में भरा गया था। रविंद्र कुमार नायक बनाम कलक्टर, मयूरभंज [(1999) 2 एस. सी. सी. 627] के मामले में भी इस सिद्धांत को मान्य ठहराया गया था। एम. वी. राजशेखरन बनाम वटल नागराज [(2002) 2 एस. सी. सी. 704] के मामले में विशेष रूप से गठित एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष के पद को भी निरर्हता के प्रयोजन के लिए 'पद' के रूप में अभिनिर्धारित किया गया था। वर्तमान प्रत्यर्थी के मामले में, यह देखा गया है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद, प्रत्यर्थी के अपने मामले के अनुसार, मध्य प्रदेश के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय सरकार के साथ पारस्परिक कार्यवाही, समन्वय और पालन करने तथा मध्य प्रदेश से संसद के सदस्यों के बीच समन्वय को सुकर बनाने की एक व्यवस्था है उक्त पद के कृत्यों में मध्य प्रदेश के संसद् सदस्यों के साथ संपर्क बनाना, संसद् में कार्यवाहियों से संबंधित दस्तावेज और सूचना तथा विचार-विमर्श/कार्यसूची के ब्यौरे उपलब्ध कराना

सम्मिलित है। पूर्वोक्त मामलों में उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिकथित उपरोक्त सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए यह और देखा गया है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद एक ऐसा सतत पद है, जिसे प्रत्यर्थियों की उसमें नियुक्ति से पूर्व मध्य प्रदेश राज्य द्वारा सृजित किया गया था और उत्तरवर्ती पदधारकों द्वारा उत्तराधिकार में भरा गया है, जैसा कि तारीख 16-6-2004 के सरकारी आदेश से प्रकट होता है, जिसके द्वारा पूर्व पदधारी श्री तंवर चंद गहलोत के स्थान पर प्रत्यर्थी की नियुक्ति की गई थी। इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (क) की पहली अपेक्षा इस बात से पूर्ण होती है कि प्रत्यर्थी को अनुच्छेद 102(1)(क) के अर्थ के भीतर किसी 'पद' के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया गया है।

25. जांच किए जाने वाला अगला आवश्यक तत्व यह है कि क्या प्रत्यर्थी द्वारा पद "मध्य प्रदेश सरकार के अधीन पद" है। यह विवाद नहीं किया जा सकता कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के पद के लिए प्रत्यर्थी का नाम-निर्देशन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है; यह तारीख 16-6-2004 के नियुक्ति आदेश सं. एफ. 19-194/2003/1/04 से प्रकट होता है, जिसे मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है और जो सहज रूप से यह दर्शित करता है कि नाम-निर्देशन मध्य प्रदेश सरकार के आदेश से किया गया है। प्रत्यर्थी ने कहीं भी यह तर्क नहीं दिया है कि एक बार नियुक्त होने पर उसे सरकार द्वारा पद से हटाया नहीं जा सकता। इस प्रकार सरकार को उसे पद से हटाने की शक्ति है। यह भी विवाद नहीं है कि उस पद के रख-रखाव संबंधी सभी व्यय राज्य सरकार द्वारा अपनी निधियों में से वहन किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह तथ्य कि प्रत्यर्थी को मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से और उनके आदेश से तारीख 6-7-2004 के कार्यपालक आदेश सं. 3-39/2004/वन/1 द्वारा मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की गई है, भी निर्णायक रूप से यह दर्शित करता है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद राज्य सरकार के अधीन एक पद है यह और तथ्य कि प्रत्यर्थी को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत और संलग्न फायदों और प्रसुविधाओं के साथ मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के पद के लिए नामांकित किया गया था, भी यह स्पष्ट निष्कर्ष प्रदान करता है कि प्रकोष्ठ और उसके अध्यक्ष के पास सरकार के लिए निष्पादित किए जाने के लिए कतिपय कर्तव्य और पूरा किए जाने के लिए काय हैं। कोई भी सरकार बिना किसी महत्वपूर्ण कारण या उद्देश्य के ऐसी उच्च हैसियत और व्यय के साथ कोई प्रकोष्ठ गठित नहीं करेगी और न ही उसमें नियुक्तियां करेगी। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अवधारित करने के लिए कि क्या प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद 'सरकार के अधीन एक पद है', अधिकथित परीक्षा का वर्तमान मामले में पूर्णतः समाधान होता है।

26. इस मामले में जिस एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे का ध्यान रखा जाना है वह यह है कि क्या प्रत्यर्थी, उसके प्रकोष्ठ का अध्यक्ष होने के कारण "लाभ का पद" धारण कर रहा है। याची ने अपनी याचिका में यह कथन किया था कि प्रत्यर्थी मध्य प्रदेश राज्य द्वारा दी गई मंत्रिमंडल सदस्य की सम हैसियत के कारण राज्य में मंत्रिमंडल सदस्य को उपलब्ध हैसियत, स्थिति, परिलब्धियों का फायदा उठा रहा है। उसने यह और कथन किया था कि प्रत्यर्थी ऐसे भत्तों, कार, कर्मचारिवृंद और अन्य ऐसी कार्यपालक तथा वित्तीय शक्तियों का फायदा ले रहा है जो पद से सहबद्ध हैं और उससे जुड़ी हैं। आयोग की तारीख 11-5-2006 की सूचना के उत्तर में उसके द्वारा तारीख 30-5-2006 को प्रस्तुत अतिरिक्त सूचना के माध्यम से उसने राज्य सरकार के तारीख 4 फरवरी, 2006 के पत्र की एक प्रति प्रस्तुत की है जिसमें विभिन्न पब्लिक सेक्टर उपक्रमों/निगमों/प्रभागों/स्वायत्त निकायों और अन्य निकायों द्वारा समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को संदेय पारिश्रमिक और उपलब्ध कराई जाने वाली अन्य प्रसुविधाओं के ब्यौरे अंतर्विष्ट हैं। पत्र की प्रति शब्दशः नीचे उद्धृत की जा रही है—

**"मध्य प्रदेश शासन**

**वित्त विभाग**

**वल्लभ भवन—मंत्रालय—भोपाल**

क्रमांक एफ 11-36/2003/नियम/चार

भोपाल, दिनांक 4 फरवरी, 2006

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, ग्वालियर
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कमिश्नर
समस्त कलेक्टर
मध्य प्रदेश।

**विषय**—राज्य के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/मण्डलों/स्वायत्त संस्थाओं के अध्यक्षों/उपाध्यक्षों/सदस्यों को देय वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाएं।

**संदर्भ**—वित्त विभाग का ज्ञाप क्रमांक 1968/1968/2001/सी/चार, दिनांक 16 अक्तूबर 2001।

वित्त विभाग के संदर्भित ज्ञाप दिनांक 16 अक्तूबर, 2001 को निरस्त करते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/मण्डलों/स्वायत्त संस्थाओं के अशासकीय पदाधिकारियों को संलग्न परिशिष्ट के अनुसार वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जावें। यह वेतन भत्ते एवं सुविधाएं निम्नलिखित शर्तों के अधीन देय होगी :-

(1) यदि किसी सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मण्डल, स्वायत्त संस्था, के अध्यक्ष//उपाध्यक्ष/सदस्य को इस हेतु लागू अधिनियम के अन्तर्गत कोई सुविधाएं देय हैं तो उन्हें उस अधिनियम के अनुसार सुविधाओं की पात्रता होगी।

(2) यदि किसी सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मण्डल, स्वायत्त संस्था, आयोग के पदाधिकारी विधायक है, तो उन्हें देय वेतन की राशि में से विधायक के रूप में प्राप्त वेतन अथवा पेंशन के रूप में प्राप्त राशि का समायोजन किया जाए, किन्तु कंडिका— (1) की इस प्रावधान पर वरीयता होगी।

(3) दूरभाष व्यय सीमा के अन्तर्गत राशि में रुपये 750 प्रतिमाह

तक का व्यय मोबाईल फोन पर अनुमत होगा, परन्तु शर्त यह होगी कि इन पदाधिकारियों को दूरभाष व्यय की जो अधिकतम सीमा निर्धारित है वह मोबाईल फोन पर हुए व्यय को मिलाकर रहेगी मोबाईल उपकरण का क्रय पदाधिकारियों को स्वयं करना होगा ।

(4) सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मण्डल, स्वायत्त संस्थाओं के अध्यक्ष/उपाध्यक्षों को ही उपर्युक्त सुविधाओं की पात्रता होगी इन संस्थाओं के सदस्यों को बैठक में भाग लेने के लिए रेल के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी से यात्रा की सुविधा तथा बैठक हेतु रुपये 1000-मानदेय देय होगा ।

(5) यदि किन्हीं अन्य समिति संस्था आदि में नियुक्त अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य को केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है, तो उन्हें अध्यक्ष को देय सुविधाओं की ओर यदि राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है, तो उन्हें उपाध्यक्ष को देय सुविधाओं की पात्रता होगी । यदि कोई महानुभाव किसी भी निगम मण्डल समिति इत्यादि के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य नियुक्त नहीं है तब भी उन्हें मंत्री/केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है, तो उन्हें अध्यक्ष को देय वेतन भत्ते एवं सुविधाओं की तथा यदि ऐसे महानुभाव को राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है, तो उन्हें उपाध्यक्ष को देय वेतन भत्ते एवं सुविधाओं की पात्रता होगी ।

(6) सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मण्डल, स्वायत्त संस्था के अध्यक्ष/उपाध्यक्षों सर्किट हाऊस/रेस्ट हाऊस में निवास हेतु आरक्षण के संदर्भ में मंत्री/राज्यमंत्री के समान सुविधाओं की पात्रतो होगी, भले ही मंत्री/राज्यमंत्री का दर्जा नहीं दिया गया हो । विधायक न होने की स्थिति में भी इन अध्यक्षों/उपाध्यक्षों को सर्किट हाऊस रेस्ट हाऊस में निवास हेतु आरक्षण हेतु उपर्युक्तानुसार सुविधा की पात्रता होगी ।

(7) मंत्री/राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त पदाधिकारियों को "गार्ड ऑफ ऑनर" की व्यवस्था लागू नहीं होगी ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
ह.
(ए. पी. श्रीवास्तव)
सचिव
मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग

सार्वजनिक उपक्रम निगम मंडल स्वायत्त संस्था के अशासकीय पदाधिकारियों को देय वेतन भत्ते एवं सुविधाएं :-

| क्रमांक | देय सुविधा का प्रकार | अध्यक्ष | उपाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वेतन | रुपये 4000 मासिक | रुपये 3000 मासिक |
| 2 | सत्कार भत्ता | रुपये 5000 मासिक | रुपये 3000 मासिक |
| 3 | यात्रा, दैनिक भत्ते | रुपये 80 राज्य के भीतर<br>रुपये 120 राज्य के बाहर | रुपये 80 राज्य के भीतर<br>रुपये 120 राज्य के बाहर |
| 4 | वाहन | 1 | 1 |
| 5 | वाहन चालक | 1 | 1 |
| 6 | पेट्रोल सीमा | 120 लीटर प्रति माह | 120 लीटर प्रति माह |
| 7 | यात्रा सुविधा | वायुयान एवं रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी | वायुयान एवं रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी |
| 8 | चिकित्सा सुविधा | विधायक होने की स्थिति में विधायक के समान अन्यथा अखिल भारतीय सेवाओं के अनुरूप | विधायक होने की स्थिति में विधायक के समान अन्यथा अखिल भारतीय सेवाओं के अनुरूप |
| 9 | निजी स्टाफ | निजी सचिव-एक<br>निजी सहायक-एक<br>भृत्य-दो | निजी सहायक-एक<br>भृत्य-दो |
| 10 | दूरभाष | कार्यालय-एक<br>निवास-एक | कार्यालय-एक<br>निवास एक |
| 11 | दूरभाष व्यय सीमा | रुपए 30,000 प्रति वर्ष प्रति दूरभाष, (किराया छोड़कर) | रुपए 30,000 प्रति वर्ष (किराया छोड़कर) |
| 12 | किराए के आवास की सुविधा | रुपए 8150 आवास किराया प्रति माह | रुपए 6750 आवास किराया प्रति माह |

ह.
(बाबूलाल जैसवार)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग"

27. प्रत्यर्थी ने, अपने लिखित तर्कों में यह दलील दी है कि आदेश सं. एफ.11-36/2003/आदेश/3 तारीख 4-2-2006 उसे लागू नहीं होता है क्योंकि आदेश के शब्दों से यह स्पष्ट है कि आदेश उसमें उल्लिखित निकायों को लागू होता है और चूंकि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ एक ऐसा औपचारिक समन्वयक निकाय है, जिसका कोई विधिक अस्तित्व नहीं है, इसलिए यह उक्त उल्लिखित निकायों के अंतर्गत नहीं आता है । प्रत्यर्थी ने यह और दलील दी है कि उसे न तो पूर्वोक्त आदेश में उल्लिखित कोई फायदे प्रदान किए गए हैं और न ही उसे तद्धीन उसकी हकदारियों की संसूचना दी है । इसके अतिरिक्त, प्रत्यर्थी ने यह और कथन किया है कि पूर्वोक्त आदेश 4-2-2006 को प्रवृत्त किया गया है, अर्थात् उक्त प्रकोष्ठ में उसकी नियुक्ति के और उसे मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदत्त किए जाने के पश्चात् और इसलिए यदि प्रत्यर्थी को उक्त आदेश के अधीन किसी प्रतिकर का हकदार बनाया गया था तो उस आदेश को या तो प्रकाशित किया जाना चाहिए था अथवा प्रत्यर्थी को संसूचित किया जाना चाहिए था और चूंकि प्रत्यर्थी को कोई संसूचना नहीं दी गई थी इसलिए यह कथन नहीं किया जा सकता है कि प्रत्यर्थी पूर्वोक्त आदेश के अधीन किसी पारिश्रमिक या प्रसुविधाओं का हकदार है । प्रत्यर्थी की इन दलीलों के उत्तर में, याची ने यह कथन किया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने, मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की है और इस कारण से प्रत्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा मंत्री स्तर की सभी सुविधाएं, प्रदान की गई हैं अर्थात् दिल्ली में स्थित मध्य प्रदेश रेजिडेंट आयुक्त द्वारा एक सरकारी यान (टाटा इंडिका डीएलक्यू/1419), स्टाफ कार चालक, अनुभाग अधिकारी स्तर का एक अधिकारी, दो कंप्यूटर प्रचालक और निजी सहायक प्रदान किए गए हैं ।

28. राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी तारीख 4-2-2006 (जिसे ऊपर पुन: उद्धृत किया गया है) के परिपत्र की मद सं. 5 से यह देखा जा सकता है कि यदि किसी समिति/संगठन, आदि के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य को मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की जाती है तो वह भी उसी पारिश्रमिक और उन्हीं सुविधाओं का हकदार होगा जो उक्त परिपत्र के उपाबंध में उल्लिखित कानूनी निकायों, आदि के अध्यक्ष को उपलब्ध कराई गई हैं । इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त मद सं. 5 के अधीन ऐसा कोई व्यक्ति, जिसे मंत्रिमंडल सदस्य की हैसियत प्रदान की गई है, यदि उसे किसी निगम/प्रभाग/समिति, आदि का अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य नियुक्त नहीं किया जाता है तो भी वह उसी वेतन, भत्तों और प्रसुविधाओं का हकदार होगा जो तारीख 4-2-2006 के परिपत्र के उक्त उपबंध में यथादर्शित निगमों आदि के अध्यक्ष को लागू हैं । उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, विद्वान काउंसिल का यह तर्क कि प्रत्यर्थी की दशा में आदेश लागू नहीं है कोई गुण नहीं रखता है और इसलिए स्वीकार्य नहीं है ।

29. यह भी विश्वास से परे है कि प्रत्यर्थी को राज्य सरकार के तारीख 4-2-2006 के उस परिपत्र के बारे में जानकारी नहीं थी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा ऐसे व्यक्तियों को, जिन्हें मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति प्रदत्त की गई है, दिए जाने वाले पारिश्रमिक और प्रसुविधाएं अधिकथित की गई हैं । यदि ऐसा था तो वह मध्य प्रदेश के रेजिडेंट आयुक्त द्वारा उसे उपलब्ध कराई गई कार (टाटा इंडिका) का कैसे फायदा उठा रहा था । जबकि उसने दावा किया है कि सरकार के तारीख 24-3-2005 के आदेश के अनुसार (जिसे उसने अभिलेख पर लाने का चयन नहीं किया है) उसे केवल एक चालक और एक चपरासी की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी । उसका कार्य मध्य प्रदेश के सभी संसद् सदस्यों को केन्द्रीय सरकार के साथ अच्छा संपर्क बनाए रखने के लिए राज्य की गतिविधियों के बारे में सूचित करना था और कोई भी यह विश्वास नहीं करेगा कि उसको राज्य सरकार के किसी ऐसे विनिश्चय की जानकारी नहीं थी, जो उसको व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करता हो ।

30. उसकी इस दलील के संबंध में कि उसने राज्य सरकार के तारीख 4-2-2006 के उक्त परिपत्र के अधीन कोई परिलब्धियां नहीं ली हैं और किसी फायदे का लाभ नहीं उठाया है, **श्रीमती जया बच्चन बनाम भारत संघ (एआईआर 2006 एससी 2119)** के मामले में उच्चतम न्यायालय का निम्नलिखित संप्रेक्षण निर्णायक रूप से उसका उत्तर देता है :

> "यह सुस्थापित है कि जहां किसी पद की कतिपय परिलब्धियां हैं या नियुक्ति का आदेश यह कथन करता है कि नियुक्त व्यक्ति कतिपय परिलब्धियों का हकदार है, वहां वह लाभ का पद होगा, भले ही पद के धारक ने ऐसी परिलब्धियों को प्राप्त करने/आहरण करने का चयन नहीं किया हो। जो सुसंगत है वह यह है कि क्या धनीय लाभ, पद के संबंध में "प्राप्य है" और यह नहीं कि धनीय लाभ वास्तव में प्राप्त नहीं किया गया है या नगन्य रूप से प्राप्त किया गया हो। अत:, इस मामले में चाहे फायदा प्राप्त किया गया हो या नहीं, यह सारवान नहीं है।"

31. अत: यह पूर्ण रूप से स्थापित है कि प्रत्यर्थी राज्य सरकार द्वारा उसके तारीख 4-2-2006 के परिपत्र में यथा प्रगणित परिलब्धियों और सुविधाओं का हकदार था और यह बात उसके द्वारा धारित मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति के पद को, कम से कम तारीख 4-2-2006 से सरकार के अधीन लाभ का पद बनाती है। इस संदर्भ में उसके लिखित कथन के पैरा 8 में उसकी स्वयं की इस स्वीकृति का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि "इस प्रकार यह निवेदन किया जाता है कि तारीख 4-2-2006 के परिपत्र के अधीन प्रत्यर्थी को दिया गया कोई फायदा, यदि कोई हो, उसे प्रदत्त मंत्रिमंडल सदस्य की प्रास्थिति के कारण दिया गया है, न कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद धारण करने के कारण"। वह अपने लिखित कथन में यह स्वीकृति करते समय सुविधानुसार यह भूल गया कि मंत्रिमण्डल सदस्य की प्रास्थिति, उसको उक्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में उसकी नियुक्ति के कारण प्रदान की गई थी।

32. अंतिम पेचिदा मुद्दा यह है कि प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद को अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन संसद् ने विधि द्वारा छूट प्रदान की है या नहीं। प्रत्यर्थी की ओर से यह दलील दी गई थी कि यद्यपि उक्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद सरकार के अधीन 'लाभ का पद' है, तथापि, उसका धारक निरर्हित नहीं है, क्योंकि उस पद के संबंध में निरर्हता, संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3(झ) के उपबंधों द्वारा हटा दी गई है। संदर्भ की सुविधा के लिए 1959 के अधिनियम की धारा 3 का सुसंगत खंड (झ) नीचे उद्धृत है :—

> "3. कतिपय लाभ के पद निरर्हित न करेंगे :—एतद्द्वारा यह घोषित किया जाता है कि निम्नलिखित पदों में से कोई भी पद, उसके धारक को संसद्-सदस्य चुनने जाने या संसद्-सदस्य होने या रहने के लिए वहां तक निरर्हित न करेगा। जहां तक कि वह भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार के अधीन लाभ का पद है, अर्थात् :—
>
> (झ) किसी ऐसे निकाय से, जो खंड (ज) में निर्दिष्ट है, भिन्न किसी कानूनी या अकानूनी निकाय के अध्यक्ष, निदेशक या सदस्य का पद, यदि ऐसे पद का धारक प्रतिकरात्मक भत्ते से भिन्न किसी पारिश्रमिक का हकदार नहीं है, किन्तु इसमें (i) अनुसूची के भाग 1 में विनिर्दिष्ट किसी कानूनी या अकानूनी निकाय के अध्यक्ष का पद, और (ii) अनुसूची के भाग 2 में विनिर्दिष्ट किसी कानूनी या अकानूनी निकाय के अध्यक्ष या सचिव का पद, सम्मिलित नहीं हैं;"

33. उपर्युक्त धारा में निर्दिष्ट 'प्रतिकरात्मक भत्ता' पद उक्त अधिनियम की धारा 2(क) में निम्नानुसार परिभाषित है :

> "2(क) 'प्रतिकरात्मक भत्ता' से, धन की वह राशि अभिप्रेत है, जो किसी पद के धारक को, उस पद के कृत्यों के पालन में उसके द्वारा उपगत किसी व्यय की प्रतिपूर्ति करने के लिए उसे समर्थन बनाने के प्रयोजन के लिए दैनिक भत्ते, जो भत्ता उस दैनिक भत्ते की रकम से अधिक न होगा, जिसके लिए कोई संसद् -सदस्य संसद्-सदस्य वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम, 1954 (1954 का 30) के अधीन हकदार है, किसी प्रवहण भत्ते, गृह भाटक भत्ते या यात्रा भत्ते के रूप में संदेय है;"

34. धारा 3(झ) और धारा 2(क) के उपरोक्त उपबंधों के

संयुक्त: पठन से यह स्पष्ट होता है कि ऊपर वर्णित खंड(झ) निरर्हता के विरुद्ध संरक्षण दिए जाने वाले किसी 'पद' के लिए निम्नलिखित शर्तें पूरी होनी चाहिए :

पदधारी 'प्रतिकरात्मक भत्ते' से भिन्न किसी पारिश्रमिक का हकदार नहीं होना चाहिए।

35. आयोग ने पहले ही ऊपर यह अभिनिर्धारित किया है कि प्रत्यर्थी केवल कतिपय प्रतिकरात्मक भत्तों का ही हकदार नहीं है बल्कि इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार के तारीख 4-2-2006 के आदेश के कारण राज्य सरकार द्वारा तारीख 6-7-2004 के आदेश द्वारा मंत्रिमण्डल सदस्य की प्रास्थिति प्रदान किए जाने के कारण प्रति मास 4000 रुपए पारिश्रमिक और अन्य भत्तों का भी हकदार है। इस प्रकार, अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन निरर्हता की परिधि से कतिपय पदों के धारकों को छूट देने के लिए 1959 के अधिनियम की धारा 3 के खण्ड (झ) में वर्णित विशेष शर्त वर्तमान मामले में पूरी नहीं होती है । अत: विद्वान ज्येष्ठ कांउसेल की यह दलील कि प्रत्यर्थी द्वारा धारित पद निरर्हता से छूट के लिए 1959 के अधिनियम की धारा 3 (झ) के उपबंधों के अंतर्गत आता है, आयोग को स्वीकार्य नहीं है।

36. पूर्वगामी बातों को ध्यान में रखते हुए, आयोग का पूर्ण रूप से यह समाधान हो गया है कि मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद, जिसके लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा उसके 16 जून, 2004 के आदेश द्वारा श्री के. एम. मोधे को नामनिर्देशित किया गया है और मंत्री की प्रास्थिति प्रदान की गई है, संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अर्थातर्गत, 'मध्य प्रदेश सरकार के अधीन लाभ का पद' है। इसके अतिरिक्त, आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का उक्त पद, संविधान के उक्त अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन निरर्हता से संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 के उपबंधों के अधीन छूट प्राप्त नहीं है।

37. प्रत्यर्थी ने बहुत ही कमजोर तरीके से यह भी दलील दी है कि मंत्रिमण्डल सदस्य की प्रास्थिति रखते हुए वह अनुच्छेद 102(1)(क) के स्पष्टीकरण के कारण अनुच्छेद 102(1) के अधीन निरर्हता से छूट प्राप्त है, जिसके कारण संघ या राज्यों के मंत्रियों को निरर्हता की परिधि से बाहर रखा गया है। दलील में और भी दम नहीं है, क्योंकि उक्त स्पष्टीकरण के अधीन प्रदत्त की गई छूट केवल मंत्रियों के लिए है, न कि मंत्री की प्रास्थिति दिए गए व्यक्ति के लिए।

38. उपर्युक्त संवैधानिक, विधिक और वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आयोग की यह सुविचारित राय है कि श्री कृष्ण मुरारी मोघे, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा, तारीख 16-6-2004 को उनको मध्य प्रदेश संसदीय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष के रूप में नामनिर्देशित किए जाने पर और तारीख 6-7-2004 को मंत्रिमण्डल सदस्य की प्रास्थिति प्रदान किए जाने के कारण संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के अधीन लोक सभा का सदस्य बने रहने के लिए निरर्हित हो गए हैं।

39. तद्नुसार राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश को आयोग की उपर्युक्त आशय की राय के साथ वापस किया जाता है।

(एस. वाय. कुरेशी)
निर्वाचन आयुक्त

(एन. गोपालास्वामी)
मुख्य निर्वाचन आयुक्त

(नवीन बी. चावला)
निर्वाचन आयुक्त

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 22 जून, 2007

## MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

**(Legislative Department)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th July, 2007

**S.O. 1125(E).**—The following Order made by the President is published for general information:—

**"ORDER**

Whereas a petition dated the 26th March, 2006 raising the question of alleged disqualification of Shri Krishan Murari Moghe and Shri Shivraj Singh Chauhan, Members of Parliament (Lok Sabha) under clause (1) of article 103 of the Constitution has been submitted to the President by Smt. Jamuna Devi, Leader of the Opposition, Madhya Pradesh Vidhan Sabha;

And, whereas the opinion of the Election Commission has been sought by the President under a reference dated the 29th March, 2006 under clause (2) of article 103 of the Constitution on the question as to whether Shri Shivraj Singh Chauhan and Shri Krishan Murari Moghe, Members of Parliament (Lok Sabha) had become subject to disqualification for being Members of Parliament under sub-clause (a) of clause (1) of article 102 of the Constitution;

And, whereas the Election Commission has already tendered its opinion on the question of alleged disqualification in respect of Shri Shivraj Singh Chauhan on the 6th June, 2006;

And, whereas the Election Commission has now tendered its opinion on the question of alleged disqualification of Shri Krishan Murari Moghe, who was elected as a Member of Lok Sabha at the General Election held in April-May, 2004;

And, whereas the allegation with regard to Shri Krishan Murari Moghe (Respondent) is that he has been appointed as the Chairman of the Madhya Pradesh Sansadiya Prakoshtha (Madhya Pradesh Parliamentary Cell) and he is enjoying the status, position, perks which are available to a Cabinet Minister in the State, by virtue of his deemed status of a Cabinet Minister given by the State of Madhya Pradesh;

And, whereas the petitioner has further stated that the respondent's appointment was made by and under the Order of the State Government and the respondent is getting benefits of allowances, car, staff and other executive and financial powers which are associated with and connected to the post and also the office being held by him has not been exempted by any law made by the Parliament for the purpose of prevention of disqualification under sub-clause (a) of clause (1) of article 102 of the Constitution;

And, whereas the Election Commission has noted that respondent was appointed as the Chairman of the Madhya Pradesh Sansadiya Prakoshtha (Madhya Pradesh Parliamentary Cell) on the 16th June, 204, i.e. after this election as a Member of Parliament at the general election to the House of People held in April-May, 2004, and that he was conferred the status of Cabinet Minister on the 6th July, 2004 and he is continuing to hold the said office in the status of Cabinet Minister;

And, whereas the Election Commission has taken cognizance of the various decisions of the Hon'ble Supreme Court while determining the instant case of disqualification;

And, whereas the Election Commission has noted that the office of the Chairman of the Madhya Pradesh Sansadiya Prakoshtha is a continuing office which had been created by the State of Madhya Pradesh before the Respondent's appointment thereto and has been filled in succession by successive holders, as is evident from the Government order dated 16th June, 2004 whereby the respondent was appointed to replace the previous incumbent and thus, the first requirement of sub-clause (a) of clause (1) of article 102 of the Constitution is met in that the respondent has been nominated by the Government of Madhya Pradesh to an 'office' within the meaning of sub-clause (a) of clause (1) of article 102 of the Constitution.

